आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 07.09.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्र सरकार की अंतर–मंत्रालयी समिति कल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेगी।
- प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 300 नए चिकित्सकों की भर्ती की जायेगी।
- ऑपरेशन कालनेमि के तहत प्रदेशभर में 5 हजार 5 सौ से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया।
- **और,** चंद्रग्रहण के चलते बद्रीनाथ, केदारनाथ समेत सभी मंदिरों के कपाट बंद किए गए। कल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में दर्शन के लिए खोले जाएंगे।

**अंतर–मंत्रालयी समिति**

केन्द्र सरकार की अंतर–मंत्रालयी समिति कल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेगी। समिति प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात करेगी। आपदा प्रबंधन और पुनर्वास विभाग के सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि राज्य में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बारिश हुई है।

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 300 नए चिकित्सकों की भर्ती की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि करीब 300 रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती के लिये विभागीय अधिकारियों को रोस्टर तैयार कर उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेजने के निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि चयन बोर्ड समय पर भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कर विभाग को नये चिकित्सक उपलब्ध करा सके। वहीं, सरकार ने विगत माह राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्ध वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई के भी निर्देश अधिकारियों को दिये थे। अंतिम चेतावनी के बाद 56 चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया है।

**चमोली**

चमोली के थराली विकासखण्ड में भारी बारिश और भूस्खलन से कई दूरस्थ गांवों में सड़क मार्ग बाधित है। आपदा प्रबंधन टीम और प्रशासन की ओर से राहत कार्यों में तेजी लाते हुए प्रभावित परिवारों तक लगातार मदद पहुंचाई जा रही है। जिसके तहत रतगांव में जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गई। प्रशासन की ओर से दो गंभीर मरीजों को हेलीकॉप्टर से देहरादून भेजा गया और इलाज करवाया गया। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क संपर्क से कटे हर गाँव में राहत और चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध कराई जाए

## जीएसटी

केंद्र सरकार के वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार के फैसले की किसानों और आम नागरिको ने हितकारी बताया है। व्यापारियों का कहना है कि इस फैसले से न केवल छोटे व्यापारियों को फायदा होगा, बल्कि आम जनता को भी राहत मिलेगी। इसके साथ ही सामान सस्ता होगा, बल्कि उपभोग भी बढ़ेगा।

किसानों का कहना है कि सरकार ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है, इससे छोटे और मध्यम वर्ग की किसानों को राहत मिलेगी।

नैनीताल उधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सरकार ने जीएसटी के सभी स्लैब हटाकर सिर्फ दो किए हैं। जिससे सभी वर्गों को फायदा पहुंचा है।

## ऑपरेशन कालनेमि

ऑपरेशन कालनेमि के तहत अब तक प्रदेशभर में 5 हजार 5 सौ से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया। इस दौरान 14 से अधिक व्यक्तियों की गिरफ्तारी और 1182 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। राज्य के अपराध एवं कानून व्यवस्था पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनन्द भरणे ने प्रेसवार्ता कर बताया कि ऑपरेशन कालनेमि के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच, ठगी से जुड़े मामलों का पर्दाफाश और बाहरी तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया गया है।

## चंद्र ग्रहण

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा।

चंद्रग्रहण के कारण बद्रीनाथ, केदारनाथ समेत सभी मंदिरों के कपाट आज दोपहर बाद बंद कर दिए गए। बद्रीनाथ के कपाट कल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में दर्शन के लिए खोले जाएंगे। चंद्रग्रहण आज रात 9 बजकर 56 मिनट पर शुरू होगा। इसके ठीक 9 घंटे पहले दोपहर 12 बजकर 56 मिनट पर मंदिर में सूतक काल शुरू हो गया। इस दौरान चमोली में बद्रीनाथ, गोपीनाथ, रुद्रनाथ,कल्पेश्वर, आदिबद्री समेत सभी प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं।

उधर हरिद्वार की हर की पैड़ी में होने वाली शाम की आरती दोपहर में ही संपन्न की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वहीं मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिये गए। तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया कि चंद्र ग्रहण का प्रभाव 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। इसलिए मंदिरों के कपाट दोपहर में ही बंद कर दिए गए।

## अढूंडी उत्सव

उत्तरकाशी के दयारा बुग्याल में इस बार अढूंडी उत्सव यानी बटर फेस्टिवल, धराली आपदा के चलते अपने तय समय से 20 दिन बाद मनाया गया। चारों तरफ दूर–दूर तक फैले मखमली बुग्याल में ग्रामीणों ने दूध–दही–मक्खन की होली खेली। इस दौरान राधा–कृष्ण बने पात्रों ने दही की हांडी को फोड़कर ग्रामीणों को आशीर्वाद दिया। साथ ही परंपरा के अनुसार दूध–दही को वन देवियों और आराध्य देवताओं को विधि विधान के साथ भोग लगाया गया। आपको बता दें कि हर साल दयारा बुग्याल में 'दयारा बुग्याल पर्यटन समिति' और रैथल गांव समेत आसपास के ग्रामीणों की ओर से भाद्रपद माह की संक्रांति के दिन अढूंडी उत्सव मनाया जाता है, लेकिन इस साल धराली आपदा के कारण इसका समय और तारीख को बदला गया।

## पिरान कलियर

हरिद्वार के पिरान कलियर सालाना उर्स मेले में अव्यवस्था की शिकायतों पर रुड़की के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेठ ने मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम, लापता केंद्र, झूला–सर्कस ग्राउंड, तालाब क्षेत्र व होटलों का जायजा लिया। उन्होंने होटलों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाने, साफ–सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए।

## डाक घर

पिथौरागढ के प्रधान डाकघर में रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी स्पीडपोस्ट और पार्सल बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक उपलब्ध रहेगी। डाक अधीक्षक राजेश कुमार बिनवाल ने बताया कि अब लोगों को अपनी जरूरी डाक सामग्री या पार्सल भेजने के लिए कार्यदिवसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। त्योहारों, छुट्टियों या अवकाश के दिनों में भी नागरिक इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

## स्वदे□ी

प्रधानमंत्री के स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपील को राज्य सरकार भी आगे बढ़ाने के प्रयास में जुटी है। दायित्वधारी मधु भट्ट ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है और उत्तराखंड भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है, खुद मुख्यमंत्री इसकी लगातार अपील कर रहे हैं और आने वाले समय में भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता इनकी मांग को और आगे बढ़ाएगी।